एनएस-एमआईएससी0 ओटीएचआर/26/2024-एनपीसीएस(आरएनआई) भाग

भारत सरकार

भारत के प्रेस महापंजीयक का कार्यालय

(सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय)

9 वां तल, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्लेक्स

लोधी रोड़, नई दिल्ली – 110003

दिनांक: 20.03.2025

2025 की एडवाइजरी संख्या 04

विषयः- स्वामित्व हस्तांतरण संबंधी आवेदन – नियतकालिक पत्रिका के स्वामियों द्वारा उचित प्रारूप में स्वामित्व हस्तांतरण अनुबंध प्रस्तुत करना।

यह देखा गया है कि प्रेस सेवा पोर्टल पर स्वामित्व हस्तांतरण के लिए आवेदनों को स्वामित्व हस्तांतरण अनुबंध के गलत प्रारूप के साथ प्रस्तुत किया जा रहा है।

2. अतः यह पुनः स्पष्ट किया जाता है कि हस्तांतरणकर्ता (पुराना स्वामी) और हस्तांतरिती (नए स्वामी) के बीच अनुबंध के लिए मानक प्रारूप इस एडवाइजरी के साथ संलग्न है। यह हमारी वेबसाइट www.prgi.gov.in पर भी उपलब्ध है। यह भी नोट किया जा सकता है कि वैयक्तिक स्वामियों के लिए स्वामित्व हस्तांतरण अनुबंध हेतु प्रपत्र तथा संगठन/गैर-वैयक्तिक स्वामियों के मामले में स्वामित्व हस्तांतरण अनुबंध के लिए प्रारूप अलग-अलग हैं।

3. इसके अतिरिक्त, स्वामित्व हस्तांतरण हेतु आवेदन करने के लिए पंजीकरण का मूल प्रमाण पत्र/मूल प्रमाण पत्र के गुम होने की स्थिति में प्रमाण पत्र गुम होने संबंधी शपथ पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।

4. तद्नुसार, सभी आवेदकों से अनुरोध है कि स्वामित्व हस्तांतरण के लिए अनुबंध के उचित प्रारूप और संपूर्ण दस्तावेजों के साथ अपने आवेदन प्रस्तुत करें।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है।

(रजित चंद्रन एम.आर.)
उप प्रेस महापंजीयक

भारत के प्रेस महापंजीयक * सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
सत्यमेव जयते

कंपनी/सोसायटी/ट्रस्टी आदि द्वारा समाचार पत्र/पत्रिका/शीर्षक के स्वामित्व हस्तांतरण हेतु समझौता

मैं,.. (नाम) आयु लगभग .... वर्ष, ... (पदनाम) के पद पर कार्यरत हूँ तथा .... का निवासी हूँ और मेसर्स .... (कंपनी/संगठन/सोसायटी/ट्रस्ट का नाम) द्वारा विधिवत् प्राधिकृत हूँ, जो भारतीय कंपनी/सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के तहत पंजीकृत एक कानूनी इकाई है और जिसका पंजीकृत कार्यालय .... पर स्थित है, एतद् द्वारा सत्यनिष्ठापूर्वक निम्नलिखित अभिपुष्टि और घोषणा करता/ करती हूँ:

1. **स्वामित्व विवरण:** यह कि मेसर्स .... (कंपनी/संगठन/सोसायटी/ट्रस्ट का नाम) .... नामक समाचार पत्र/पत्रिका/शीर्षक का विधिसम्मत स्वामी है, जो .... भाषा में प्रकाशित होता है, जिसकी आवधिकता .... (वर्ष) है और वह .... (वर्ष) से इसका स्वामी है।यह प्रकाशन .... (प्रकाशन का पता) से प्रकाशित किया जा रहा है।

2. **अधिकारों का हस्तांतरण:** यह कि मेसर्स .... (कंपनी/संगठन/समिति/ट्रस्ट का नाम) ने ....(वर्ष)........................(महीने) के ....दिन, उक्त समाचार पत्र/पत्रिका/शीर्षक से संबंधित सभी परिसंपत्तियों और देनदारियों सहित स्वामित्व का पूर्ण अधिकार भारतीय कंपनियों/समिति पंजीकरण अधिनियम के तहत पंजीकृत मेसर्स .... (हस्तांतरिती कंपनी/संगठन/समिति/ट्रस्ट का नाम), जिसका कार्यालय में है, को .... (राशि) के भुगतान पर हस्तांतरित कर दिया है।

3. **कोई दावा नहीं:** मैं, आगे यह घोषणा करता/करती हूँ कि मेसर्स .... (हस्तांतरणकर्ता कंपनी/संगठन/सोसायटी/ट्रस्ट का नाम) का उपर्युक्त समाचार पत्र/पत्रिका/शीर्षक पर हस्तांतरण के बाद कोई और दावा या अधिकार नहीं है और सभी अधिकार, हित और दायित्व मेसर्स .... (हस्तांतरिती कंपनी/संगठन/सोसायटी/ट्रस्ट का नाम) को विधिपूर्वक सौंपे गए हैं।

स्थान: ....

दिनांक: ....

वैयक्तिक स्वामियों के लिए स्वामित्व हस्तांतरण समझौते का प्रारूप

मैं, श्री/श्रीमती, ... आयु लगभग .... वर्ष, पुत्र/पुत्री/पत्नी, ... निवासी .... , एतदद्वारा सत्यनिष्ठापूर्वक निम्नलिखित अभिपुष्टि और घोषणा करता/करती हूँ

1. **स्वामित्व विवरण**: यह कि मैं .... भाषा में प्रकाशित, ... नामक समाचार पत्र/पत्रिका/शीर्षक का/की विधिसम्मत स्वामी हूँ, जिसकी आवधिकता .... है, और मैं .... (वर्ष) से इसका/इसकी स्वामी हूँ।

2. **अधिकारों का हस्तांतरण**: यह कि मैंने ....(वर्ष)के ....(महीने) के ....दिन, उक्त समाचार पत्र/पत्रिका/शीर्षक से संबंधित सभी परिसंपत्तियों और देनदारियों सहित स्वामित्व का पूर्ण अधिकार श्री/श्रीमती ....आयु ....वर्ष, पुत्र/पुत्री/पत्नी ....निवासी .... को .... (राशि) के भुगतान पर हस्तांतरित कर दिया है।

3. **कोई दावा नहीं**: मैं घोषणा करता/करती हूँ कि हस्तांतरण के बाद उपर्युक्त समाचार पत्र/पत्रिका/शीर्षक पर मेरा कोई दावा या अधिकार नहीं है तथा सभी अधिकार, हित और दायित्व विधिपूर्वक हस्तांतरिती को सौंप दिए गए हैं।

स्थान: ....
तारीख:..

हस्तान्तरणकर्ता के हस्ताक्षर:.........................
हस्तांतरिती के हस्ताक्षर: ....

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अभिज्ञात:
अधिवक्ता/नोटरी पब्लिक के हस्ताक्षर: ....

हस्तांतरणकर्ता के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर:

...

नाम: ....(बड़े अक्षरों में)
पदनाम: ....

हस्तांतरिती के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर:
....
नाम: ....(बड़े अक्षरों में)
पदनाम:...

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अभिज्ञात:
अधिवक्ता/नोटरी पब्लिक के हस्ताक्षर :..